राजस्थान माध्यमिक शिक्षा परिषद्

RCSE

डॉ० राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल, ब्लॉक–6, जवाहर लाल नेहरू मार्ग,जयपुर–302017
दूरभाषः 0141–2709846, E-mail: cce.rmsa@gmail.com

क्रमांकः– रामाशिप / जय / 2017–18 / 9193 दिनांकः 20/ 12/ 2017

प्रधानाचार्य
डाइट
समस्त जिला

विषय :– एसआईक्यूई School Certification के क्रम में ।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि राज्य में प्राथमिक कक्षा के बालकों के अधिगम स्तर में गुणात्मक वृद्धि के उद्देश्य से एसआईक्यूई कार्यक्रम संचालित है। इस कार्यक्रम के सम्यक एवं सक्रिय क्रियान्वयन हेतु जिला शैक्षिक समूह का गठन डाइट प्रधानाचार्य की अध्यक्षता में किया गया है। डाइट जिलें में प्राथमिक कक्षाओं के शैक्षिक संबलन हेतु नोडल एजेंसी है। विद्यालय अवलोकन, शिक्षक प्रशिक्षण एवं शैक्षिक साम्रगी तैयार करना जिला शैक्षिक समूह की नियमित बैठकें आदि डाइट द्वारा किया जा रहा है।

विद्यालयों में एसआईक्यूई कार्यक्रम की क्रियान्विति को जानने व कक्षा–कक्षीय प्रक्रियाओं पर संस्थाप्रधान एवं शिक्षकों को सार्थक प्रतिपुष्टि देने के उद्देश्य से School Certification Programme कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। संस्थाप्रधानों द्वारा आवेदन तथा आवेदन अनुमोदन के पश्चात केआरपी को विद्यालय आवंटन डाइट द्वारा ही किया जाना है। साथ ही विद्यालय द्वारा निर्धारित श्रेणी प्राप्त करने के बाद अंतिम सत्यापन भी डाइट द्वारा ही किया जाना है। इसके लिये डाइट को Shala-Darpan का Login Password भी दिया गया है। किन्तु उक्त प्रक्रिया काफी धीमी चल रही है। विद्यालय का आवेदन अनुमोदित होने के पश्चात भी केआरपी को विद्यालय आवंटन नही हो रहे है। यह फीडबैक लगातार फील्ड से प्राप्त हो रहा है। 2053 विद्यालयों के Certification की अंतिम दिनांक 31 दिसम्बर 2017 रखी गयी है। अतः आप School Certification के अन्तर्गत निम्न कार्यवाही संपादित करें,–

Education News Group

- अनुमोदित विद्यालयों में केआरपी नियुक्ति का कार्य शीघ्र संपादित करे। जिन केआरपी के आवंटित विद्यालयों की दूरी अधिक है उनका संशोधन डाइट स्तर से किया जाना है। अतः केआरपी से जानकारी मिलते ही संशोधन की कार्यवाही संपादित करें।
- विद्यालय अवलोकन, अवलोकन प्रपत्र की फीड़िग, जिला टीम द्वारा निरीक्षण आदि समस्त प्रक्रियाओं को निर्धारित समय सीमा में सम्पादित करे।

www.rajteachers.com

- डी. सी. जी व डी. ए. जी की बैठकों में विद्यालयों की Rejection report व Feed-back की समीक्षा करें। समान Feed-back वाले विद्यालयों के शिक्षकों व संस्थाप्रधानों से लघु कार्यशाला, मीटिंग, विस्तृत पत्र के माध्यम से लगातार संवाद करें एवं शैक्षिक समर्थन उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करे।
- जिला व ब्लॉक स्तर पर होने वाली संस्था प्रधान बैठकों में भी SIQE के वास्तविक कियान्वयन पर लघु Video, प्रस्तुतीकरण व वार्ता आदि का आयोजन करें। विद्यालय अवलोकन के दौरान शिक्षकों को Website व Portal पर उपलब्ध भिन्न–भिन्न सामग्री(प्रश्न बैंक, कक्षा–शिक्षण वीडियो) प्रशिक्षण संबंधी विडियों कार्यपत्रकों के बारे में जानकारी प्रदान करें तथा उपयोग सुनिश्चित करे।

School Certification की प्रकिया का उद्देश्य विद्यालयों की प्राथमिक कक्षाओं में अधिगम–परक शिक्षण प्रकिया को सुनिश्चित करना है। शिक्षकों की कार्यशैली, कक्षाकक्ष प्रबंधन में अनुकूल परिवर्तन संस्थाप्रधान द्वारा प्राथमिक कक्षाओं में निरंतर संबलन आदि को स्थापित करने के लिये जिला टीम की समन्वित कोशिश आवश्यक है। अतः तदनुरूप व्यूह–रचना तैयार कर अपने जिले के School Certification कार्य को निर्धारित दिनांक तक संपादित करें।

(आनन्दी)
राज्य परियोजना निदेशक,
राजस्थान माध्यमिक शिक्षा परिषद्,
जयपुर।

प्रतिलिपिः– आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचनार्थ प्रेषित है –

1. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, जयपुर।
2. निजी सहायक, राज्य परियोजना निदेशक, रामाशिप. जयपुर।
3. निजी सहायक, निदेशक प्रा0 शिक्षा राजस्थान बीकानेर को देकर अनुरोध है कि डाइट प्रधानाचार्य को उक्त कार्यवाही संपादित करने हेतु निर्देशित करावें।
4. निजी सहायक, निदेशक एसआईईआरटी उदयपुर।
5. उपायक्त द्वितीय।
6. अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, समस्त जिला को देकर लेख है कि अपने जिलें के डाइट प्रधानाचार्य से लगातार समन्वय स्थापित कर Certification के कार्य को गति प्रदान करें।
7. कार्यालय प्रति।

Education News Group

अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक

www.rajteachers.com